





# पुलिस ने धोखाधड़ी करने वाले मुख्य सरगना को प . बंगाल से किया गिरफ्तार

## टेलीग्राम पर रिव्यू एवं क्रिप्टो इन्वेस्टमेंट टास्क के नाम पर

नवभारत न्यूज

**पन्ना 12 जनवरी। मध्यप्रदेश के पन्ना जिले की पुलिस ने टेलीग्राम आधारित ऑनलाइन ठगी के एक संगठित नेटवर्क के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से उपयोग किये जा रहे 07 मोबाइल फोन कुल कीमती करीब 01 लाख 50 हजार रूपये एवं नगदी 8 हजार रूपये सहित कुल 1.58 लाख रूपये का मशरूका जप्त किया गया हैं।**

आरोपी टेलीग्राम के माध्यम से चीनी व्यक्तियों से जुड़ा हुआ है, जिसका मुख्य कार्य म्यूल खातों में क्क्र फाइल रन कराना था। आरोपी एवं चीन के व्यक्तियों के साथ स्ष्ठञ्ज करेंसी में ट्रांजेक्शन होता था। आरोपी द्वारा चाइनीज लोगो के साथ BINANCE APP के माध्यम से लगभग 01 लाख SDT(क्रिप्टो करेंसी) के ट्रान्जेक्शन किये गये। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू ने जानकारी देते हुए आज बताया कि आरोपी के मोबाइल में लॉगिन बैंक खातों की डिटेल से 50 खातों में लगभग 40 करोड़ रुपये की साइबर ठगी का खुलासा हुआ है। उक्त खातों के विरुद्ध देश के विभिन्न थानों/सायबर सेल द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर 400 से अधिक शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। उक्त मामले में कुल 04 आरोपियों को विभिन्न राज्यों दिल्ली, उत्तर प्रदेश एवं पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

आरोपियों द्वारा पवई थाना क्षेत्र में टेलीग्राम के माध्यम से इन्वेस्टमेंट एवं ऑनलाइन रिव्यू टास्क के नाम पर 4,98,480 रुपये की साइबर ठगी की गई थी। पुलिस टीम द्वारा मामले में मुख्य सरगना मो. बसर उर्फ अबुल बसर निवासी ग्राम नाटिल थाना जालांगी जिला मुर्शीदाबाद पश्चिम बंगाल को गिरफ्तार किया गया है। पूर्व मे 03 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही की गई थी।

मामले में फरियादी आफताब अंसारी, निवासी जिला सिवनी (म.प्र.), हाल निवासी पवई द्वारा थाना पवई में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि अज्ञात टेलीग्राम यूजर्स द्वारा उसे कम निवेश में अधिक लाभ, टास्क बेस्ड इनकम एवं क्रिप्टो ट्रेडिंग का झांसा देकर विभिन्न PI IDs एवं लिंक के माध्यम से कुल ?4,98,480 की ठगी की गई। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना पवई में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 494/25, धारा 318(4) BNS के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया ।

मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. पवई श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन ,थाना प्रभारी पवई के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा पूर्व में तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर सूचना के आधार पर 03 आरोपियों को अलग राज्यों (उ.प्र. एवं दिल्ली) से गिरफ्तार किया जा चुका है । मामले में गठित पुलिस टीम एवं सायबर सेल टीम पन्ना द्वारा लगातार विवेचना की गई। विवेचना एवं तकनीक साक्ष्य के आधार पुलिस टीम द्वारा मामले में शामिल एक अन्य आरोपी को कोलकाता (पश्चिम बंगाल) से पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर दिनांक 11/01/26 को गिरफ्तार किया गया है ।

आरोपी द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वे टेलीग्राम के माध्यम से चीनी व्यक्तियों के संपर्क में थे। उनसे जुड़ने के लिए आरोपी द्वारा ?2000 SDT की राशि वॉलेट सिक्योरिटी के रूप में दी गई थी। टेलीग्राम के माध्यम से जुड़ने के पश्चात उक्त चीनी व्यक्तियों के निर्देश पर करंट अकाउंट खुलवाए जाते थे तथा उनके नेट बैंकिंग आईडी एवं पासवर्ड टेलीग्राम के माध्यम से चीनी व्यक्तियों को उपलब्ध कराए जाते थे। इसके पश्चात उनके द्वारा एक क्क्र फाइल जनरेट कर भेजी जाती थी, जिसे आरोपी द्वारा म्यूल खातों में पंजीकृत सिम कार्ड लगे मोबाइल फोन में रन कराया जाता था। इसके एवज में आरोपी को प्रति 01 करोड़ रुपये के ट्रांजेक्शन पर ?05 लाख रुपये दिए जाते थे।

आरोपी द्वारा 50 से अधिक करंट अकाउंट चीनी व्यक्तियों को प्रोवाइड करवाए गए हैं, जिनमें करीब 40 करोड़ रुपये से अधिक के ट्रांजेक्शन पाए गए। सायबर सेल, पन्ना द्वारा जांच किए जाने पर पाया गया कि उक्त खातों के विरुद्ध देश के विभिन्न थानों द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर 400 से अधिक शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। आरोपी के कब्जे से विभिन्न बैंको के ए टी एम कार्ड, पेन कार्ड एवं उपयोग किये जा रहे 07 मोबाइल तथा नगद 8000 रूपये जप्त किये गये हैं, जिनका उपयोग ऑनलाइन ठगी में किया जाना पाया गया है ।उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील अहिरवार,निरी. त्रिवेन्द्र त्रिवेदी, उनि एम एल कोल, सउनि आनंद मोहन मिश्रा, प्र.आर. सुरेन्द्र कुमार, आर. प्रेम प्रजापति एवं पुलिस साइबर सेल शाखा पन्ना का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा टीम उक्त पुलिस टीम को पुरष्कृत किये जाने की घोषणा की गई।



# विशाल हिंदू सम्मेलन के लिए कलश वितरण

नवभारत न्यूज

**पवई/पन्ना 12 जनवरी। 11 जनवरी रविवार को पवई खंड के 12 मंडल एवं नगर केंद्र के हिंदू सम्मेलन हेतु कलश एवं ध्वज प्रदान का कार्यक्रम सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पवई में आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत शिक्षक एवं कथावाचक पंडित छोटेलाल प्यासी के द्वारा सर्वप्रथम भारत माता के छायाचित्र मे माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सभी मंडल की आयोजन समितियां को कलश एवं ध्वज प्रदान किए गए सभी मंडलों एवं नगर के कार्यकर्ता उत्साह पूर्वक सम्मिलित हुए। जिसमें डॉक्टर धनराज सिंह भदोरिया, राकेश चैरसिया, सुरेश सेन, प्रमोद नगायच आदि समाजसेवी उपस्थित रहे।

# युवा दिवस पर हाईस्कूल देवेंद्रनगर में हुआ सूर्य नमस्कार

नवभारत न्यूज

**देवेंद्रनगर/पन्ना 12 जनवरी। युवा दिवस पर जीरो सेवा समिति द्वारा संचालित जीरो मॉडल हाईस्कूल में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया।**

सर्वप्रथम विद्यालय प्राचार्य रमेश अग्रवाल व रामनिवास गर्ग द्वारा मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया गया। उसके बाद सूर्य नमस्कार की बारह मुद्राओं को मंत्र सहित शिक्षक नरेंद्र शर्मा,



अतुल द्विवेदी, अनिल लुनिया द्वारा विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों ने भी पालन करते हुए सूर्य नमस्कार किया, इसके साथ ही विद्यालय में स्वामी विवेकानंद जी के संदेश का वाचन भी किया गया। विद्यालय की छात्राओ ने जीवन परिचय की जानकारी दी व विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका प्रेमलता मिश्रा द्वारा अपने उद्बोधन में बताया कि राष्ट्रीय युवा दिवस हर वर्ष 12 जनवरी को महान दार्शनिक,आध्यात्मिक नेता,समाज सुधारक स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद जी ने युवाओं में आत्मनिर्भरता,अनुशासन शिक्षा और राष्ट्रीय विकास के मूल्य पर जोर दिया।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार

नवभारत न्यूज

**पन्ना 12 जनवरी। स्वामी विवेकानंद जी की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर सोमवार को पन्ना नगर के श्री जुगल किशोर मंदिर परिसर में सामूहिक सूर्य नमस्कार का मुख्य कार्यक्रम संपन्न हुआ।**

सुबह 9 बजे से 10.30 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों द्वारा उपस्थितजनों को सूर्य नमस्कार के 12 आसनों का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में



नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय, उपाध्यक्ष आशा गुप्ता एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव सहित कलेक्टर ऊषा परमार, सहायक संचालक शिक्षा अमित जैन, डीपीसी अजय गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.पी. तिवारी एवं शिक्षकगणों के साथ स्कूली छात्र-छात्राओं ने भी सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में सहभागिता की। योग प्रशिक्षकों ने सूर्य नमस्कार की महत्ता बताई और दैनिक जीवन में इसे अपनाने के लिए प्रेरित भी किया।

अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के साथ स्वामी विवेकानन्द जी एवं मुख्यमंत्री का रिकॉर्डेड संदेश सुनाया गया। जिले के शैक्षणिक संस्थाओं में भी सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम हुआ।



# स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनाई गई

नवभारत न्यूज

**सलेहा/पन्ना 12 जनवरी। 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी की जन्म जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया।**

जहां पर शिक्षण संस्थान के शिक्षकों, जनप्रतिनिधि, समाजसेवियों, पत्रकारों सहित छात्रों द्वारा पीएम श्री विद्यालय परिसर में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में सहभागिता रही, इसके उपरांत उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया इस दौरान पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलेहा में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम संपन्न हुआ, इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य हरिराम शर्मा सहित शिक्षक स्टाफ उपस्थित रहा।

# भू माफियाओं का अवैध प्लाटिंग कर जमीन बेंचने का कारोबार चरम पर

## रिकार्ड में हेराफेरी कर किया गया फर्जीवाड़ा, राजस्व अमले से मिलकर राजस्व रिकार्डो में हेराफेरी कर खरीदी गई जमीनें

नवभारत न्यूज

**पन्ना 12 जनवरी। पन्ना जिला मुख्यालय सहित 10 किमी के दायरे मे भू माफियाओं द्वारा राजस्व अमले से सांठगांठ कर राजस्व रिकार्ड मे हेराफेरी कर तथा फर्जी विक्रेताओं के माध्यम से व्यापक स्तर पर जमीन खरीद फरोख्त मे फर्जीवाड़ा किया गया है यदि भू माफियाओं द्वारा खरीदी गई जमीनों की 1955-56 के रिकार्ड के अनुसार जांच कराई जाये तो जिले के भू माफिया जेल की सलाखों के पीछे चले जायेंगे।**

बंटन एवं आदिवासियों की भूमियों को प्रशासनिक सांठगांठ से हथियाने मे भू माफिया सफल रहे हैं। जिला मुख्यालय के धनाढ्य लोगों ने अपने साइड बिजनेस के रूप में भू माफियाओं का कारोबार लम्बे समय से चला रखा है। भोले भाले किसानों एवं आदिवासियों को उल्टी सीधी पट्टी पढ़ाकर उनकी जमीन एकड मे लेकर फिर उसे प्लाटिंग करके एक एकड के प्लाट में कई करोड रूपये की अवैध कमाई कर रहे हैं। यहां तक कि आदिवासी लोग भूमिहीन तक हो गये।

एक साधारण आदमी यदि नगर परिषद की सीमा मे यदि कोई घर बनाता है तो नक्शा पास न कराए जाने पर नोटिस थमा देती है और उसे जुर्माने की सजा से दंडित भी किया जाता है। परंतु नगर पालिका क्षेत्र से लेकर जिला मुख्यालय के तकरीबन 10 किमी एरिया मे भू माफियाओं द्वारा डंके की चोट पर बीते कई वर्षो सो किसानों की जमीनों का एकड में खरीद कर उसे वर्ग फुट में बेचे जाने का अवैध तरीके से कारोबार जारी है। उस पर कोई कार्रवाई नहीं करती। इन माफियाओं द्वारा न कोई टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से परमिशन लिया जा रहा है। और न ही कॉलोनाइजर एक्ट के तहत इनका कोई रजिस्ट्रेशन है।

रोचक बात ये है कि इस जमीन के अवैध कारोबार में सभी राजनीतिक दलों के सफेदपोश बडे चेहरे भी इसमें शामिल हैं तथा जिला प्रशासन के अधिकारी खुद कई बार अपने आर्थिक हितों के मद्देनजर जानबूझकर, तो कई बार दबाव में इस पूरे मामले को लेकर आंखे मूंदे रहते हैं।

### हल्का पटवारियों के संरक्षण में चल रहा यह कारोबार

विगत वर्ष नगर पालिका क्षेत्र के विस्तार के बाद इन कार्यो में काफी तेजी देखने को मिल रही है। इन कार्यो में शहर के आसपास के पटवारियों की भूमिका संदिग्ध बनी हुई है। बता दे कि शहर को विस्तृत करने आसपास की ग्राम पंचायतों को नगर पालिका क्षेत्र में शामिल कराने का गजट नोटिफिकेशन जारी किया गया था। जिसके बाद से भू माफिया एक बार फिर सक्रिय होकर औने पौने दामों में जमीन की खरीदी बिक्री की जाने लगी है। सूत्रों ने बताया कि कई पटवारी भी इस अवैध प्लाटिंग के खेल में शामिल हैं।

### नहीं होती कार्रवाई

जमीन के खरीद बिक्री में शामिल पटवारियों के खिलाफ शिकायतों तो की जाती है बावजूद इसके किसी भी प्रकार कार्रवाई इन पर नहीं की जाती है कई पटवारियों के खिलाफ शिकायत कर्ता का अंबार लगा हुआ है लेकिन कार्रवाई करने से परहेज किया जाता है। जिसके थक हारकर किसान कई मर्तबा लोकायुक्त पुलिस की शरण में जाने को मजबूर हो जाता है।

# छत्रसाल महाविद्यालय, पन्ना में युवा दिवस पर गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन

नवभारत न्यूज

**पन्ना 12 जनवरी। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग, स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना, भोपाल तथा कार्यालय कलेक्टर, पन्ना द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुपालन में एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी के कुशल निर्देशन में दिनांक 12 जनवरी को छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन संपन्न हुआ।**

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इस



अवसर पर अपने संक्षिप्त एवं सारगर्भित उद्बोधन में उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का जीवन दर्शन युवाओं के लिए आत्मबल, अनुशासन, कर्तव्यबोध एवं राष्ट्रसेवा का अमूल्य संदेश प्रदान करता है। यदि युवा वर्ग उनके विचारों को अपने आचरण में उतार ले, तो वह न केवल स्वयं का, बल्कि राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का भी सशक्त निर्माण कर सकता है। राष्ट्रीय युवा दिवस युवाशक्ति को सकारात्मक दिशा प्रदान करने का सुअवसर है। राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत रन फॉर स्वदेशी थीम पर मैराथन दौड़, सामूहिक सूर्य नमस्कार, निबंध प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रात: 8 बजे मैराथन दौड़ का शुभारंभ महाविद्यालय के मुख्य भवन से हुआ, जो बीटीआई रोड एवं डायमंड चैक से होते हुए पुन: महाविद्यालय परिसर में संपन्न हुई। मैराथन दौड़ को महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आर. एम. दत्ता एवं कार्यक्रम संयोजक स्पोर्ट्स ऑफिसर धर्मेंद्र यादव द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया गया। प्रात: 9 बजे महाविद्यालय प्रांगण में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. नंदकुमार पटेल द्वारा योग, प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ ने अनुशासन एवं उत्साह के साथ सहभागिता की। स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के संयोजक डॉ. बी. एन. जायसवाल के मार्गदर्शन में हिंदी विभाग द्वारा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में महक रैकवार ने प्रथम, दीपाली उरमालिया ने द्वितीय एवं हर्षा राजपूत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# देवेंद्रनगर में खाद के लिए किसानों ने किया चकाजाम

नवभारत न्यूज

**देवेन्द्रनगर/पन्ना 12 जनवरी। अन्नदाता आज सड़क पर है, और उसकी नाराजगी का सैलाब राष्ट्रीय राजमार्ग -39 पन्ना-सतना मार्ग पर देखने को मिला।**

खाद की किल्लत से जूझ रहे देवेंद्रनगर तहसील के हजारों किसानों का धैर्य सोमवार को जवाब दे गया। आक्रोशित किसानों ने ट्रैक्टर-ट्रालियां बीच सड़क पर खड़ी कर नेशनल हाईवे-39 को पूरी तरह चक्काजाम कर दिया।

**नारेबाजी और पुलिस से तीखी झड़प:-** सैकड़ों की संख्या में सड़क पर बैठे किसानों ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हालात



तब तनावपूर्ण हो गए जब जाम खुलवाने पहुंची पुलिस और प्रशासन की टीम के साथ किसानों की जमकर झूमाझपटी हुई। किसान इस बात पर अड़े थे कि जब तक उन्हें पर्याप्त खाद का आश्वासन नहीं मिलता, वे सड़क से नहीं हटेंगे।

**प्रशासन ने दिया आश्वासन, तब खुला रास्ता:-** जाम की सूचना मिलते ही देवेंद्रनगर तहसीलदार ज्योति सिंह राजपूत मौके पर पहुंचीं। उन्होंने किसानों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनीं और तत्काल खाद उपलब्ध कराने का ठोस भरोसा दिलाया। तहसीलदार के आश्वासन और सोसाइटी से खाद वितरण की व्यवस्था शुरू होने के बाद ही किसानों ने जाम खोला और यातायात बहाल हो सका।



# जेके सीमेंट के सहयोग से 20 टीबी मरीजों को फूड बास्केट का वितरण किया

नवभारत न्यूज

**अजयगढ़/पन्ना 12 जनवरी। क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 12 जनवरी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धरमपुर परिसर में टीबी मरीजों को पोषण सहायता प्रदान करने हेतु फूड बास्केट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

इस कार्यक्रम का आयोजन जेके सीमेंट के सहयोग से किया गया, जिसमें कुल 20 क्षय रोगियों को फूड बास्केट वितरण किया गया। एसटीएलएस गोपाल शर्मा के द्वारा क्षय रोग (टीबी) के कारण, लक्षण, उपचार एवं रोकथाम की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि टीबी एक पूरी तरह से इलाज योग्य बीमारी है, बशर्ते मरीज नियमित रूप से 6 माह तक दवा का सेवन करें। यह बीमारी मुख्यत: पत्थर खदानों से निकलने वाली धूल (डस्ट) के संपर्क में आने तथा कुपोषण के कारण कमजोर व्यक्तियों को अधिक प्रभावित करती है।

उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा टीबी मरीजों को उपचार के साथ-साथ प्रोत्साहन राशि के रूप में 1000 रूपये प्रति माह भी प्रदान की जाती है, जिससे मरीजों को पोषण एवं उपचार में सहायता मिलती है।

# राजनैतिक संरक्षण में कौड़ियों के दाम दी गई महेंद्र भवन की लीज निरस्त करने की मांग

नवभारत न्यूज

**पन्ना 12 जनवरी। ऐतिहासिक प्राचीन महेंद्र भवन जो मप्र के शायद ही किसी जिले में ऐसा न्यायालय भवन हो नवीन कलेक्ट्रेट एवं न्यायालय भवन बन जाने के बाद इसे राजनैतिक एवं प्रशासनिक सांठ गांठ से इसे कौड़ियों के दाम नीलाम कर दिया गया जो कि मार्केट वैल्यू एवं ऐतिहासिक महत्व के अनुसार सैंकड़ों गुना कम हैं।**

वहीं अब राजनैतिक एवं प्रशासनिक संरक्षण के चलते लीज धारक राजस्थान फोर्ट ऑफ पैलेस के प्रबंधन द्वारा लीज शर्तो के विपरीत जाकर ऐतिहासिक मंदिर एवं उसके बाहर स्थित दुकानों को तोड़ने की साजिश की जा रही है और जिले के जनप्रतिनिधि मूकदर्शक बने हुए हैं हांलांकि कौडियों के दाम दिये जाने के बाद ही जिले जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों पर सवालियां निशान लगना शुरू हो गया था कि आखिर इतनी वेशकीमती जमीन एवं भवन को कई गुना कम कीमत मे कैसे दे दिया गया। धीरे धीरे लीज धारक प्रबंधन द्वारा वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया और मंदिरों को हटाकर वहां से पूर्णत: श्रृद्धालुओं के प्रवेश को भी प्रतिबंधित किये जाने की साजिश रचि जा रही है। अब स्थिति और गम्भीर इसलिए होती जा रही है क्योंकि अब भारी भरकम पगड़ी एवं नीलामी राशि जमा कर दुकानदारों द्वार लगभग 20 वर्ष पूर्व दुकानें नीलामी पर ली गई थी उन्हें भी मौखिक रूप से हटाये जाने को बोलने से हडकंप की स्थिति निर्मित हो गई है हासिल जानकारी के अनुसार पन्ना शहर के ऐतिहासिक महेन्द्र भवन को मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा राजस्थान फोर्ट एंड पैलेस को लीज पर देने के फैसले से दुकानदारों और



श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश फैल गया है। महेन्द्र भवन की बाउंड्री से सटी 30 दुकानों पर कब्जे की खबरों से दुकानदारों में दहशत व्याप्त है जबकि प्राचीन शिव मंदिर और फूलामाता मंदिर के अधिग्रहण की आशंका से भक्त चिंतित हैं। लंबे समय से नीलामी प्रक्रिया के जरिए एकमुश्त राशि जमा कर दुकानें चला रहे व्यापारियों का कहना है कि यदि दुकानें छीनी गईं तो उनका जीविका का स्त्रोत ही समाप्त हो जाएगा। दुकानदारों ने इस कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया है। वहीं महेन्द्र भवन के अंदर स्थित प्राचीन शिवजी मंदिर और फूलादेवी मंदिर पर कब्जे की खबरों से श्रद्धालु परेशान हैं। उनका कहना है कि इससे वह दोनों मंदिरों के दर्शन से वंचित हो जाएंगे। चिंतित दुकानदारों और श्रद्धालुओं ने गत दिवस प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र पूर्व मंत्री व पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह को सौंपा।

पत्र में महेन्द्र भवन की राजस्थान फोर्ट एंड पैलेस को लीज निरस्त करने की मांग की गई है। पत्र में विस्तार से बताया गया कि रकबा क्रमांक 2567 में स्थित महेन्द्र भवन शहर के मध्य है जहां नगरवासियों की आस्था का केंद्र प्राचीन शिव मंदिर है। राजस्थान फोर्ट एंड पैलेस द्वारा इसे कब्जे में लेकर श्रद्धालुओं को दर्शन से वंचित करने का प्रयास हो रहा है। इसी रकबा में फूलादेवी का प्राचीन मंदिर है जिसका पुराना रास्ता रोकने और तोडफ़ोड़ की साजिश रची जा रही है। मंदिर के चारों ओर खुला स्थान भी अवरुद्ध करने की कोशिश हो रही है। दक्षिण दिशा में सडक़ से सटी फूलामाता मंदिर के बाहर 20 वर्ष पूर्व शासन द्वारा निर्मित लगभग 30 दुकानें नीलामी से पगड़ी जमा कर व्यापारियों को आवंटित की गई थीं। दुकानदार नियमित किराया जमा कर रहे हैं और यह दुकानें उनके परिवार व कर्मचारियों के भरण-पोषण का आधार हैं। राजस्थान फोर्ट एंड पैलेस द्वारा बनाई बाउंड्री वॉल से यह दुकानें बाहर हैं इसलिए कोई व्यवधान नहीं है। महेन्द्र भवन के पश्चिम में स्थित प्राचीन रंगमंच को लीज शर्तों के विपरीत जमींदोज कर दिया गया है। रकबा 2567 के कुल क्षेत्र में महेन्द्र भवन के अलावा मंदिर, नगर पालिका, पीएचई की पानी की टंकी व सप्लाई संरचनाएं हैं।

### करोड़ों की प्रॉपर्टी को कौड़ियों के दाम दिया गया

सौंपे गए पत्र में बताया गया है कि महेन्द्र भवन और आराजी क्रमांक 2567 का जो कुल रकवा है वह बेशकीमती है जिसकी कीमत 200 करोड़ रूपए से अधिक है किन्तु राजस्थान फोर्ट एण्ड पैलेस ने मात्र 06 करोड़ 31 लाख जमा कर 52 हजार रूपए नाममात्र के मासिक किराए पर सांठगांठ से इसे ले लिए है।